INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date of submission:**
Worksheet No: 4	**Topic :** अर्थग्रहण	**Note: Pl. file in portfolio**

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वे चोरों का इरादा समझ गए । उन्होंने अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल गाँव में चोरों का बड़ा ज़ोर हैं। अपने पास रुपया-पैसा और जो भी कीमती सामान है, उसे एक बड़ी संदूक में डाल दो। मैं उस संदूक को बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" जब चोरों ने यह सुना तो वे बड़े प्रसन्न हुए।

तेनालीराम बहुत चतुर व्यक्ति थे उन्होंने एक बड़ी संदूक ली और उसमें ईंट-पत्थर डाल दिए | उन्होंने रुपया-पैसा व कीमती सामान एक थैले में भरकर उसे मंदिर में छिपा दिया | हल्का अँधेरा होने पर तेनालीराम ने घर के पीछे वाले बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दी । रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। चोरों ने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात-भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचे और उन्होंने चोरों सेकहा, "भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात-भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।"

1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?

    (क) जानवर (ख) जादूगर

    (ग) चोर (घ) चौकीदार

2. "देखो, आजकल गाँव में चोरों का बड़ा ज़ोर है।" तेनालीराम ने किससे कहा?

    (क) राजा से (ख) सिपाही से

    (ग) चौकीदार से (घ) अपनी पत्नी से

3. तेनालीराम कैसे व्यक्ति थे?

(क) बहुत आलसी (ख) बहुत कमज़ोर

(ग) बहुत चतुर (घ) बहुत परिश्रमी

4. तेनालीराम ने संदूक में क्या भरा?

(क) रुपये-पैसे (ख) ईंट-पत्थर

(ग) अपने कपड़े (घ) खाने का सामान

5. तेनालीराम ने कीमती सामान वाला थैला कहाँ छिपा दिया?

(क) राजा के महल में (ख) अलमारी में

(ग) मंदिर में (घ) अपने पड़ोसी के घर में

6. तेनालीराम ने संदूक कहाँ रखी?

(क) बगीचे में (ख) कमरे में

(ग) कुएँ में (घ) एक गुफ़ा में

7. संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया?

(क) चोर कुएँ में घुस गए |

(ख) चोर कुएँ से पानी निकालने लगे |

(ग) चोर रस्सी द्वारा संदूक को बाहर निकलने लगे |

(घ) चोर सवेरा होने का इंतज़ार करने लगे |

8. सवेरा होने पर चोर किस डर से वहाँ से भागने लगे?

(क) लोगों के डर से (ख) राजा के डर से

(ग) पकड़े जाने के डर से (घ) सिपाहियों के डर से

* दिए गए शब्दों के विलोम गद्यांश में से छाँटकर लिखिए |

दुखी	....	मूर्ख	....
रोशनी	....	आगे	....

●●●●●●●●●●●●●●●●●●

उत्तर

1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?

   (ग) चोर

2. "देखो, आजकल गाँव में चोरों का बड़ा ज़ोर है।" तेनालीराम ने किससे कहा?

   (घ) अपनी पत्नी से

3. तेनालीराम कैसे व्यक्ति थे?

   (ग) बहुत चतुर

4. तेनालीराम ने संदूक में क्या भरा?

   (ख) ईंट-पत्थर

5. तेनालीराम ने कीमती सामान वाला थैला कहाँ छिपा दिया?

   (ग) मंदिर में

6. तेनालीराम ने संदूक कहाँ रखी?

   (ग) कुएँ में

7. संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया?

   (ख) चोर कुएँ से पानी निकालने लगे ।

8. सवेरा होने पर चोर किस डर से वहाँ से भागने लगे?

   (ग) पकड़े जाने के डर से

* विलोम शब्द ।

दुखी - प्रसन्न	मूर्ख - चतुर
रोशनी - अँधेरा	आगे - पीछे

☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺☺